रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण

EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)

PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 2256] नई दिल्ली, शुक्रवार, सितम्बर 27, 2013/आश्विन 5, 1935

No. 2256] NEW DELHI, FRIDAY, SEPTEMBER 27, 2013/ASVINA 5, 1935

कृषि मंत्रालय

(कृषि एवं सहकारिता विभाग)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 20 सितम्बर, 2013

का.आ. 2934(अ).—भारत के राजपत्र में प्रकाशित दिनांक 12 अक्तूबर, 2011 की अधिसूचना संख्या 2353 (असा.) द्वारा कृषि मंत्रालय में कृषि एवं सहकारिता विभाग ने मैसर्स दी नोसिल क्रॉप प्रोटेक्शन लिमिटेड (अब मैसर्स डो एग्रो साईंसिस) (डीएएस) को कीटनाशी अधिनियम, 1968 [अधिनियम, की धारा 9 (3) के अंतर्गत दिए गए एसेटामिपिरिड टेक्निकल, एसेटामिपिरिड 20 प्रतिशत, एसपी फार्मूलेशन, कोपीरिफोस 10 प्रतिशत, ग्रेनुअल फार्मुलेशन और कलोपीरिफोस 50 प्रतिशत प्लस साइपरमैथरिन 5 प्रतिशत ईसी हेतु पंजीकरण प्रमाण पत्र रद्द करने का आदेश दिया। अधिसूचना में कलोपीरिफोर्स 50 प्रतिशत + साइपरमैथरिन 5 प्रतिशत ईसी फार्मूलेशन हेतु धारा 9 (4) के अंतर्गत अधीन धारित पंजीकरण के सभी प्रमाण पत्रों को रद्द करने का भी आदेश दिया। राजपत्र अधिसूचना ने कंपनियों द्वारा रखे गए विद्यमान स्टाक के निपटान हेतु 2 वर्ष की अवधि की अनुमति दी । इसने पंजीकरण समिति साथ-साथ राज्य सरकारों द्वारा भी कार्यान्वयन का आदेश दिया।

2. दिनांक 12 अक्तूबर, 2011 के का.आ. 2353 (अ.सा.) को इस सीमा तक मैसर्स धारड़ा केमिकल्स लिमिटेड (जीसीएम) तथा अन्य द्वारा रिट याचिका संख्या 450 वर्ष 2012 में बम्बई में हाईकोर्ट ऑफ ज्युडिकेचर में चुनौती दी गई कि मिश्रित नाशीजीवमार फार्मुलेशन हेतु याचिकाकर्ता जेसीएल को अधिनियम की धारा 9(4) के अंतर्गत पंजीकरण समिति द्वारा जारी प्रमाण पत्रों को अधिसूचना में रद्द करने का प्रस्ताव है। बम्बई स्थित हाईकोर्ट ऑफ ज्युडिकेचर ने याचिकाकर्ता जेसीएल और कृषि एवं सहकारिता विभाग, केंद्रीय कीटनाशी बोर्ड और पंजीकरण समिति के जरिए भारत संघ को सुनने के बाद 11 जुलाई, 2012 के आदेश द्वारा रिट याचिका का निपटान कर दिया। आदेश का कार्यात्मक भाग निम्नलिखित है:

"तदनुसार हम निम्नलिखित सहमत शर्तों में याचिका का निपटान करते हैं:

हम विद्यवान वरिष्ठ वकील द्वारा प्रतिवादी की एवज में दिए गए विवरण को रिकार्ड करते हैं कि विद्यवान वरिष्ठ वकील के विवरण के संबंध में कीटनाशी अधिनियम की धारा 9(4) के अंतर्गत याचिकाकर्ता के पंजीकरण को समाप्त करने के आदेश को वापस लिया जाता है।

i. याचिकाकर्ता इस आधार पर आज से दो सप्ताह की अवधि के भीतर अपना उत्तर देने के लिए स्वतंत्र होंगे कि वे कारण जिन्हें धारा 9(4) के अंतर्गत पंजीकरण को रद्द करने के लिए दिनांक 12 अक्तूबर, 2011 के प्रतिवाद करने वाले आदेश में निहित है, पंजीकरण के रद्द करने हेतु कारण बताओ नोटिस का भाग है।

ii. संघ सरकार याचिकाकर्ता को सुनवाई का अवसर देने के बाद धारा 9(4) के अंतर्गत पंजीकरण को रद्द करने हेतु उपर्युक्त शर्तों में जारी नोटिस पर नया आदेश पारित करने के लिए स्वतंत्र होगी। उपर्युक्त खंड (ii) मे सदर्भित उत्तर प्रस्तुत करने के बाद आठ सप्ताह की अवधि के भीतर नया आदेश पारित किया जाएगा।

iii. पक्षों के सभी अधिकार और दावे अनुरोध किए जाने के लिए खुले हैं और संघ सरकार द्वारा इस पर निर्णय लिया जाएगा।

iv. जब तक संघ सरकार द्वारा अंतिम आदेश पारित नहीं किया जाता है तब तक याचिकाकर्ता प्रश्नगत अनुदेशों, विनिर्माण और मिश्रण पर विद्यवान वरिष्ठ वकील द्वारा न्यायालय के समक्ष दिए गए विवरण के संबंध में कोई कार्य नहीं करेगा।

चूंकि कोई और मुद्दा नहीं रखा गया है तदनुसार याचिका का निपटान किया जाता है। अत: लागत के संबंध में कोई आदेश नहीं होगा।

3. बम्बई उच्च न्यायालय ने यह निदेश दिया कि धारा 9(4) के अंतर्गत पंजीकरण को रद्द करने हेतु कृषि एवं सहकारिता विभाग के दिनांक 12 अक्तूबर, 2011 की अधिसूचना, पंजीकरण को रद्द करने हेतु कारण बताओ नोटिस का आधार होगी। उक्त निदेश के अनुपालन में जीसीएल ने कृषि एवं सहकारिता विभाग में सक्षम प्राधिकारी को लिखित निवेदन दिया । सचिव, केंद्रीय कीटनाशी बोर्ड और पंजीकरण समिति (सीआईबी एवं आरसी) ने भी जीसीएल द्वारा किए गए निवेदन का लिखित उत्तर प्रस्तुत किया। मौखिक प्रस्तुति हेतु कृषि एवं सहकारिता विभाग में सक्षम प्राधिकारी द्वारा आमंत्रित किया गया। जीसीएल और सीआईबी एवं आरसी दिनांक 24.08.2012, 07.09.2012, 12.10.2012 और 18.10.2012 को सुनवाई के लिए सक्षम प्राधिकारी के समक्ष उपस्थित हुए। मानिकशा और सेठना एडवोकेट और सोलिसिटर तथा डाक्टर के. एन. सिंह उपाध्यक्ष द्वारा जीसीएल का प्रतिनिधित्व किया गया जबकि डॉ. सुशील के. खुराना, चिकित्सा विष विज्ञाणी, डॉ. विपिन भटनागर, संयुक्त निदेशक (रसायन विज्ञान) और हरिओम निगलानी विधि अधिकारी द्वारा सीआईबी एवं आरसी का प्रतिनिधित्व किया गया।

4. जहां तक प्रतिवादी जीसीएल जो अधिनियम की धारा 9(4) के तहत पंजीकृत है का संबंध है नाशीजीवमार कलोपीरिफोर्स 50 प्रतिशत प्लस साइपरमैथरिन 5 प्रतिशत ईसी फार्मुलेशन हेतु पंजीकरण प्रमाण पत्र रद्द करने के आधार की समीक्षा करने के लिए 12 अक्तूबर, 2011 के कृषि एवं सहकारिता विभाग की अधिसूचना (इसके पश्चात् कारण बताओ नोटिस के रूप में संदर्भित) की अच्छी तरह जांच करने से कारण बताओ नोटिस हेतु निम्नलिखत आधार की पहचान की गई:

i. पंजीकरण प्रक्रिया की निष्पक्षता से आरसी के मुख्य सदस्य को अवांछित लाभ पहुंचाने तथा वित्तीय लाभ देने के लिए समझौता किया गया। चूंकि नाशीजीवमार के पंजीकरण हेतु आवेदक द्वारा किए गए दावों की सावधानी से जांच करना नाशीजीवों और रोगों के प्रति उत्पाद की क्षमता के वैधीकरण तथा मानवजाति और पशुओं की सुरक्षा के आश्वासन हेतु अनिवार्य है अत: कोई भी स्थिति, जो संवीक्षा की कठोरता को कम करे तथा पंजीकरण प्रक्रिया की निष्पक्षता से समझौता करे अधिनियम का उल्लघंन है तथा इसके गम्भीर परिणाम हो सकते हैं। डीएएस की ओर से अनैतिक व्यवहार तथा पंजीकरण समिति के एक सदस्य के सहअपराध ने पंजीकरण प्रक्रिया की निष्पक्षता से समझौता किया है।

ii. नाशीजीवमार मिश्रण कलोपीरिफोस 50 प्रतिशत प्लस साइपरमैथरिन 5 प्रतिशत ईसी फार्मूलेशन को 17.7.1997 को सम्पन्न 169वीं बैठक में अनुमोदित किया गया था। 169वीं बैठक की कार्यसूची नोट में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया था कि "पंजीकरण समिति के दिशानिर्देशों के अनुसार विभिन्न विषाक्ता पैरामीटरों पर उपर्युक्त आंकड़ा प्रस्तुति को ध्यान रखते हुए यह स्पष्ट है कि मिश्रण उत्पाद एक्यूट ओरल टोक्सिटी रैट एक्यूट ओरल टोक्सिटी माईस के मामले में एकल घटक अर्थात् क्लोफाईरिफास 500 और सिपरमैथरिन 50 ईसी से ज्यादा विषाक्त है। मिश्रित उत्पाद के पंजीकरण हेतु पंजीकरण समिति के दिशानिर्देशों के अनुसार समर्थन में यह साक्ष्य अपेक्षित है कि मिश्रण एकल कीटनाशी से ज्यादा खतरनाक नहीं है। डीएएस द्वारा दिए गए विषाक्ता संबंधी आंकड़े स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करते हैं कि साइपरमैथरिन का एक्यूट ओरल टोक्सिटी (रैट) 1,562.62 मिली ग्राम/किग्रा. और कलोरोफाइरोफोर्स का 224.567 मिग्रा/किग्रा. है जबकि क्लोफाईरिफास + साइपरमैथरिन मिश्रण की विषाक्ता 159.48 मिग्रा/किग्रा. है। इससे यह स्पष्ट है कि मिश्रण में दोनों घटकों में से प्रत्येक की अपेक्षा अधिक विषाक्ता है। इस तथ्य की जानकारी के बावजूद जिसे 169वीं बैठक कार्यसूची में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया था, आरसी ने दिशानिर्देशों, जो उस समय विद्यमान थे, की उपेक्षा करके नाशीजीवमार के पंजीकरण का अनुमोदन किया। वर्ष 2010 में ही आरसी ने डॉ. टी. पी. राजेन्द्रन, सहायक महानिदेशक (पीपी), आईसीएआर की अध्यक्षता में गठित विशेषज्ञ समिति द्वारा नाशीजीवमार की समीक्षा करने का निदेश दिया जिसमें डॉ. एस. के. खुराना, विशेषज्ञ ग्रेड 1, डॉ. (सुश्री) सरिता मल्ला, संयुक्त निदेशक (विषाक्तता विज्ञान) श्री ए. के. बंद्योपाध्याय, उप निदेशक (कीट विज्ञान) और सुश्री कमलेश मिगलानी, सहायक निदेशक (रसायन विज्ञान) सदस्य थे। इस विशेषज्ञ समिति ने निष्कर्ष निकाला कि "न्यूरेल फार्मूलेशन के संबंध में कलोरोफाइफोर्स के मिश्रण की विषाक्ता के बारे में गम्भीर आशंका है और साइपरमैथरिन एकल नाशीजीवमार से अधिक है।" उपर्युक्त के आलोक में यह सहमति बनी कि 314वीं, 315वीं और 318वीं बैठकों में सुरक्षा (अधिक विषाक्ता) के आधार पर 9(4) पंजीकरण की वापसी/निरसन के साथ-साथ डीएएसपो कलोपीरिफोर्स 50 प्रतिशत + साइपरमैथरिन 5 प्रतिशत ईसी फार्मूलेशन हेतु धारा 9(3) के अंतर्गत जारी पंजीकरण प्रमाण पत्र की वापसी/निरसन हेतु पंजीकरण समिति की सिफारिशें तर्कोधार और वैध मानदंडों पर आधारित है।

iii. यह भी प्रमाणित किया गया कि 'जाँच-पड़ताल', 'पंजीकरण समिति के साथ परामर्श' और किसी कीटनाशी को पंजीकृत करने से मना करने से पहले यथा अधिदेशित केन्द्र सरकार की संतुष्टि या अधिनियम की धारा 27(2) के तहत पंजीकरण प्रमाणपत्र रद्द करने की आवश्यकता पूरी कर ली गई है। यह भी सूचित किया गया

कि इस मामले की जांच केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो द्वारा की गई और आरसी के साथ विधिवत ढंग से परामर्श किया गया और सक्षम प्राधिकारी की संतुष्टि आरसी के निष्कर्षों व सिफारिशों पर आश्रित थी।

iv. पंजीकरण समिति व केन्द्र सरकार अधिनियम की धारा 9(3)(ग), धारा 11 और धारा 27(2) के प्रावधानों के तहत किसी कीटनाशी की बहुविध समीक्षा करने में सक्षम है और पंजीकरण की समीक्षा की शक्ति 'पंजीकरण प्रदान करने की शक्ति' का तार्किक सिद्धान्त है।

5. जीसीएल ने 24 जुलाई, 2013 को 'कारण बताओ नोटिस' के जवाब में लिखित निवेदन किया जिसमें उसने सूचित किया है कि उनके द्वारा किया गया यह निवेदन 2012 की रिट याचिका संख्या 450 में किए गए निवेदन के अतिरिक्त है। जीसीएल ने सुनवाई के दौरान कई दस्तावेज भी प्रस्तुत किए और सक्षम प्राधिकारी के समक्ष विस्तृत मौखिक निवेदन किया।

6. 'कारण बताओ नोटिस' के उत्तर में लिखित व मौखिक निवेदन व दस्तावेज के माध्यम से जीसीएल द्वारा दी गई दलीलों का सार निम्नलिखित है:

(i) जीसीएल, डीएएस की ओर से अनैतिक आचरण से स्वयं को पृथक करता है और जीसीएल के खिलाफ अनैतिक आचरण के कोई आरोप नहीं है।

(ii) अधिनियम में एक वर्ष की समाप्ति के पश्चात् पंजीकरण प्रक्रिया की समीक्षा या संशोधन का प्रावधान नहीं है और किसी आकस्मिक स्थिति का सामना करने के लिए अधिनियम के तहत धारा 27(2) के अन्तर्गत कार्यवाही की अनुमति है। अधिनियम में धारा 27(2) के तहत कार्यवाही का प्रावधान है जहाँ धारा 27(1) के तहत कार्यवाही अपेक्षित है और कार्यवाही की गई है जीसीएल ने तर्क दिया कि डीएसी अधिसूचना ने दो वर्ष की अवधि में कम्पनियों द्वारा रखे गए वर्तमान स्टॉक के परिसमापन की अनुमति दी है जो स्वयं इस तथ्य को दर्शाता है कि नाशीजीवमार ने मानव जाति व पशुओं को कोई संभावित खतरा उत्पन्न नहीं किया। इस प्रकार उनकी राय में अधिनियम की धारा 27 के अंतर्गत कार्यवाही के लिए पूर्व शर्त अनुपस्थित है।

(iii) 12 अक्तूबर, 2011 की डीएसी की अधिसूचना इस गलत समझ पर आधारित थी कि सूत्रीकरण के संघटकों अर्थात् क्लोरपायरीफोस व साइपरमैथरिन की तुलना में नाशीजीवमार सूत्रीकरण "क्लोरपायरीफोस + साइपरमैथरिन 5 प्रतिशत ईसी" की उच्च विषाक्तता आरसी दिशानिर्देशों के अंतर्गत पंजीकरण के लिए इसे अनुपयुक्त बनाने के लिए स्वयं पर्याप्त है। यह बताया गया है कि वर्ष 2007 में समीक्षा आयोजित की गई थी जिसके आधार पर आरसी अपनी 277वीं बैठक में इस निष्कर्ष पर पहुंची कि विचारार्थ उत्पाद को पंजीकरण प्रदान करते हुए जैव-क्षमता या सुरक्षा के किसी भी पहलू की अनदेखी नहीं की गई। इसके अलावा जब नाशीजीवमार को पंजीकृत किया गया, 1997 के दिशा-निर्देशों ने श्रेणीबद्ध ढंग से विनिर्दिष्ट किया कि इस बात का समर्थन करने के लिए 'साक्ष्य' आवश्यक है कि यह मिश्रण नाशीजीवमार की अपेक्षा अधिक खतरनाक नहीं है।

जीसीएल ने यह तर्क प्रस्तुत किया कि यह सिद्ध करने के लिए निष्कर्ष नहीं है कि नाशीजीवमार मिश्रण इसके संघटकों से अधिक खतरनाक है। इसके परिणामस्वरुप, 'मिश्रण की सुरक्षा' के आधार पर वापिस लेने/रद्द करने का आदेश जोखिम या खतरे से संबंधित किसी निष्कर्ष या विश्वसनीय साक्ष्य के आधार पर सिद्ध ही नहीं होता। वास्तव में 169वीं आरसी बैठक के एजेंडे में स्पष्ट रुप से यह उल्लेख किया गया कि "काम्बिनेशन पैस्टीसाइड क्लोरपाइरीफोस 50 प्रतिशत+साइपरमैथरीन 5 प्रतिशत ईसी" अपने संघटकों से ज्यादा विषाक्त है और मिश्रण के लिए अनुमोदन प्रदान करने का निर्णय करने से पहले आरसी ने इस तथ्य पर विचार किया। आरसी ने वर्तमान दिशा-निर्देशों जिन्होंने खतरे को सूचित किया, न कि विषाक्तता के बारे में, के अनुसार मामले का सही ढंग से मूल्यांकन किया। विषाक्तता सिम्पलीसीटर के साथ खतरे की समानता करना आसान व गलत होगा क्योंकि खतरा केवल विषाक्तता का प्रकार्य नहीं है बल्कि यह एक्सपोजर, पैकेजिंग, लेबलिंग, सावधानियों और परिवहन, भण्डारण, उपयोग, डोज (खुराक) आदि के सुरक्षा मानक का प्रकार्य है। यदि ऐसा नहीं होता, तो आरसी बहुत से विषाक्त नाशीजीवमारों को भारत में उपयोग के लिए पंजीकृत किए जाने की अनुमति कभी नहीं देती। इस प्रकार विषाक्तता खतरे व सुरक्षा के मूल्यांकन का एकमात्र माप नहीं हो सकता। यह समझना महत्वपूर्ण है कि 1977 में विद्यमान दिशा-निर्देश (जब डीएएस ने उत्पाद को रजिस्ट्रीकृत किया था) 'खतरे' का उल्लेख करते थे, न कि विषाक्तता का। यह भी नोट करना उचित है कि पंजीकरण के समय डीएएस द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों पर वाद-विवाद नहीं किया गया है और न ही उत्पाद की समीक्षा परामर्श में सुरक्षा व खतरे से संबंधित आंकड़ों की अशक्तता या कमी प्रकट की गई है जो पंजीकरण की प्रक्रिया पर शंका उत्पन्न कर सकता है। जीसीएल ने भी दावा किया कि 1999/2000 में आरसी के प्रचलित निर्देश के तहत आवश्यकता अनुसार गंभीर मौखिक विषाक्तता व विकट डर्मल विषाक्तता से संबंधित आंकड़े स्वयं बनाये और प्रस्तुत किए हैं। जीसीएल द्वारा प्रस्तुत किए गए आंकड़ों को भी अभी तक कोई चुनौती नहीं दी गई है। यह उत्पाद कई वर्षों से भारत व अन्य देशों में प्रचलन में है और यह नाशीजीवों पर प्रभावी पाया गया है और मानव जाति के स्वास्थ्य व जानवरों पर किसी प्रतिकूल प्रभाव की सूचना प्राप्त नहीं हुई है।

(iv) इस मामले में प्राकृतिक न्याय के सिद्धान्त का उल्लंघन किया गया है क्योंकि पंजीकरण प्रमाण पत्र को रद्द करने से पहले जीसीएल ने आरसी या सक्षम प्राधिकारी दोनों में से किसी को अवसर प्रदान नहीं किया गया।

7 जीएसएल द्वारा दिए गए प्रस्तुतीकरण की अनुक्रिया में सीआईबी एवं आरसी की ओर से लिखित व मौखिक निवेदन किया गया। सुनवाई के दौरान सीआईबी एवं आरसी के प्रतिनिधि सभी दिन उपस्थित थे। लिखित व मौखिक निवेदनों व दस्तावेजों के आधार पर सीआईबी एवं आरसी ने धारा 9(4) के तहत जीसीएल को प्रदान किए गए पंजीकरण को रद्द करने के पक्ष में निम्नलिखित तर्क दिए हैं:

(i) डीएएस के अधिनियम की धारा 9(3) के तहत मूल रुप से पंजीकरण का प्रमाणीकरण किया गया। प्रतिवादी, जीसीएल को कथित अधिनियम की धारा 9(4) के तहत पंजीकरण के प्रावधान "भी टू" के तहत "पैस्टीसाइड क्लोरपायरीफोस 50 प्रतिशत + साइपरमैथरिन 5 प्रतिशत ईसी" को पंजीकरण प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। मूल आंकड़ों को डीएएस ने बनाया था और धारा 9(3) के तहत पंजीकरण प्रदान करने

के लिए आरसी के अनुसार वे आंकड़े उपयुक्त हैं। अधिनियम के प्रावधानों के तहत धारा 9(4) के तहत प्रार्थी को उन्हीं स्थितियों में पंजीकरण प्रदान किया जाता है जिनमें मूल पंजीकरणकर्त्ता को पंजीकरण प्रदान किया गया था।

(ii) आरसी के प्रमुख सदस्यों को अवैध धन लाभों का खुलासा होने के पश्चात् घटित होने वाली घटनाओं से 1997 में डी-नोसिल (अभी डीएएस) के नाम से पंजीकृत नाशीजीवमारों की समीक्षा का क्रम शुरु हो गया। वर्ष 2010 की समीक्षा ने यह सिद्ध किया कि पंजीकरण से पहले उत्पाद की सुरक्षा से संबंधित आरसी दिशा-निर्देशों की अनदेखी की गई। वर्ष 2010 में विशेषज्ञ समिति का निष्कर्ष यह था कि "न्यूरेल डी मिश्रण के संबंध में" प्रत्येक नाशीजीवमार की तुलना में क्लोरपाइरीफोस + साइपरमैथरिन के मिश्रण के विषय में गंभीर आशंका प्रबल है। जिस स्थिति में उत्पाद की सुरक्षा की गारन्टी न हो, अधिनियम की धारा 9(4) के तहत नाशीजीवमार के पंजीकरण के सभी प्रमाण पत्रों को रद्द करने के लिए आरसी व डीएसी उन्हें प्रदान किए गए अधिकारों व उत्तरदायित्वों की सीमा में था। जब उसे मूल पंजीकरणकर्त्ता को प्रदान किया गया, उसे रद्द करने के लिए उपयुक्त पाया गया। इस मामले में पंजीकरणकर्त्ता डीएएस धारा 9(3) की धारा के पंजीकरण को रद्द करने के निर्णय को 9(4) पंजीकरणकर्त्ता के समान विस्तार किया गया क्योंकि 9(4) प्रार्थी मूल आंकड़ों को उत्पन्न व प्रस्तुत नहीं करते बल्कि वे अधिनियम की धारा 9(3) के तहत पंजीकरणकर्त्ताओं द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों पर पूरी तरह से विश्वास करते हैं। समीक्षा करने पर डीएएस द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों सुरक्षा मानदण्डों से संबंधित गंभीर त्रुटियां थी। यह 3 अन्य नाशीजीवमारों के धारा 9(4) के तहत पंजीकरणकर्त्ता शामिल न करने के कारण को स्पष्ट करता है हालांकि अधिनियम की धारा 9(3) के तहत डीएएस को प्रदान किए गए पंजीकरण को अनैतिक आचरण के आधार पर रद्द किया। मानव जाति व पशुओं को इन अन्य नाशीजीवमारों से कोई खतरा उत्पन्न नहीं हुआ।

(iii) क्योंकि डीएएस डाटा से यह स्पष्ट रूप से प्रदर्शित हुआ है कि संयोजन कीटनाशी प्रतिपादन में चूहा और चुहिया दोनों का एलडी50 अधिक था जैसा कि इसके एकल घटक वाले कीटनाशियों हेतु एलडी50 वैल्यू का विरोध किया गया इसलिए आरसी को उसके अपने दिशा-निर्देशों को अनदेखा करने के कारणों को जिम्मेदार ठहराना चाहिए। चूंकि अधिनियम में यह अधिदेश है कि मनुष्यों और पशुओं को सुरक्षा के आश्वासन दिए जाने के साथ-साथ कीटनाशकों का मूल्यांकन किए जाने की जरुरत है, अत: दिशा-निर्देशों जिन्हें आरसी ने सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए स्वयं तैयार किए की अवज्ञा द्वारा स्पष्ट रुप से पंजीकरण की मंजूरी दिए जाने के कृत्य को माफ नहीं किया जा सकता और इस तरह से जरुरी सुधारात्मक कदमों का औचित्य स्वयं साक्ष्य है।

(iv) सीआईबी एण्ड आरसी ने जीसीएल के दावे का खंडन किया है कि कंपनी डीएएस द्वारा उपलब्ध विषैलापन डाटा पर पूरी तरह निर्भर नहीं थी बल्कि चूहों तथा चुहियाओं पर कीटनाशी संयोजन के विषैलेपन पर अपने आंकड़ों का सृजन किया था । सीआईबी एण्ड आरसी ने तर्क दिया है कि पंजीकरण के लिए आवेदन फार्म सार्वजनिक प्रभाव क्षेत्र में उपलब्ध विषैलापन पर केवल सूचना चाहता है तथा धारा 9(3) पंजीकरण के तहत मूल पंजीकरण के लिए आवेदक के मामले में सावधानीपूर्वक पर्यवेक्षित वैज्ञानिक प्रभाव से मौलिक आंकड़े तैयार नहीं होते

(v) सीआईबी एवं आरसी ने निश्चयपूर्वक कहा है कि वर्तमान मामला पंजीकरण के निरस्तीकरण के मामलों में से एक है न कि पंजीकरण मंजूरी को मना करने का। जैसे ही विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट से पंजीकरण की मंजूरी के समय महत्वपूर्ण सुरक्षा दिशा-निर्देश के पालन न किए जाने का तथ्य उद्घाटित हुआ, निरस्तीकरण जारी कर दिया गया। आरसी की यह कार्रवाई न्यायसंगत तथा अधिनियम के तहत इसके कानूनी आदेश के पालन में, जो सुरक्षा का आश्वासन देता है तथा इसलिए किसी समयावधि की सीमा में नहीं बांधा जा सकता है । यह तर्क दिया गया कि कीटनाशी की समीक्षा की शक्ति उसी कीटनाशी की बहु समीक्षा करने सहित पंजीकरण देने की शक्ति में निहित है । आरसी ने अपनी पूर्व पंजीकरण परीक्षण के दौरान आंकड़ों के निष्पक्ष मूल्यांकन पर पंजीकरण मना कर देना चाहिए। जब से आरसी वांछित दृढ़ता और सत्यनिष्ठा के साथ पूर्व पंजीकरण परीक्षण करने में असफल हुआ, में अनुवर्ती 2010 सीमक्षा के लिए उत्पाद के पंजीकरण से पहले छंटाई और मूल्यांकन का प्रयोग आवश्यक था ।

8. अब कारण बताओ नोटिस की विषय वस्तु दो प्रतिवादियों के लिखित तथा मौखिक निवेदन, जीसीएल तथा सीआईबी एण्ड आरसी तथा सक्षम प्राधिकरण के समक्ष प्रस्तुत दस्तावेज का विस्तृत विवेचना करने पर निम्नलिखित निष्कर्ष निकाले जा सकते हैं:

(क) यह विवादास्पद नहीं है कि मौलिक रजिस्ट्रार डीएएस क्लोरपिरिफोस 50%+साइपरमेथरिन 5%ईसी के कीटनाशी सम्मिश्रण सूत्रीकरण के लिए अधिनियम की धारा 9(3) के तहत पंजीकृत हुए तथा इस रसायन के अनुवर्ती पंजीकरण अधिनियम की धारा 9(4) के प्रावधानों के तहत जीसीएल को प्रदान किए थे । यह भी विवादस्पद नहीं है कि डीएएस द्वारा आरसी के सदस्य को गैर कानूनी परितोषण तथा वित्तीय लाभ विस्तारित किए गए । डीएसी अधिसूचना का.आ. 2353 (ई) दिनांकित 12.10.2010 (कारण बताओ नोटिस) अन्य बातों के साथ-साथ एक अनुमान पर आधारित है कि परीक्षण, मूल्यांकन की विश्वसनीयता के साथ समझौता तथा आरसी में अंतिम निर्णय लेने में इस हद तक कि उत्पादों की सुरक्षा बरकरार ना रह सके, में भ्रष्टाचार योगदान देता है । इसमें धारा 9(3) के तहत डीएएस को दिए गए कीटनाशी एसीटमीप्रिड तकनीकी, एसीटमीप्रिड 20% एसपी सूत्रीकरण, क्लोरपिरिफोस 10% कणिका सूत्रीकरण, तथा क्लोरपिरीफोस 50%+ साइपरमेथरिन 5% ईसी सूत्रीकरण के पंजीकरण को रद्द करना है । पर्याप्त न्यायसंगत हुआ । तथापि, कीटनाशी क्लोरपिटीफोस 50%+साइपरमेथरिन 5% ईसी सूत्रीकरण के लिए जीसीएल सहित कम्पनियों को दिए गए पंजीकरण को छोड़कर अधिनियम की धारा 9(4) के तहत कोई अन्य सहवर्ती पंजीकरण रद्द नहीं किया जाना है ।

कार्यसूची 3.2 के संदर्भ में आरसी की 314वीं बैठक का कार्यवृत्त बताता है कि उचित विवेचना के बाद समिति ने एक तरह से अनुवर्ती 9(4) पंजीकरणों को प्रभावित किए बिना अनैतिक आचारों को अपनाने के लिए एसीटमिप्रिड तकनीकी (प्राइड), एसीटमिप्रिड 20% एसपी सूत्रीकरण (डर्सवन 10जी) के लिए डीएएस द्वारा किए गए पंजीकरण के प्रमाणपत्रों को वापस लेने/निरस्त करने का निर्णय लिया । तथापि, कार्यवृत्त में आगे कहा गया कि धारा 9(3) के तहत रजिस्ट्रार को जारी क्लोरपिरिफोस 50%+साइप्रमेथरिन 5% ईसी (नूरेल्ले-नुरेल्ले-डी/नुरेल्ले-डी505) का पंजीकरण जोड़ा जाना तथा रजिस्ट्रार द्वारा अनैतिक आदानों के अपनाने तथा सुरक्षा सूत्रों के साथ-साथ विकल्पों की उपलब्धता के कारण वापस लिया है कि इस उत्पाद (क्लोरपिरिफोस 50%+साइपरमथरिन 5%ईसी) के लिए जारी अनुवर्ती 9(4) पंजीकरण भी वापस/निरस्त किया जाएगा । तथापि, आरसी की 314वीं बैठक के कार्य सूची मद की पुष्टि नहीं हुई तथा संशोधन के लिए 22.2.2011 को 315वीं बैठक में कार्यसूची मद सं. 1.0 के रूप में लिया गया । आरसी की बैठक (314वीं) में लिए गए निर्णय को केन्द्र में रखते हुए संशोधित कार्यवृत्त जोड़ते हैं कि एसीटमिप्रिड (दोनों तकनीकी तथा इसमें 20% सूत्रीकरण) वर्तमान में भी कपास के रस चूसने वाले कीटों के प्रबंधन में उपयोगी स्थान रखते हैं । अत: यह किसी भी रूप में इन उत्पादों के अनुवर्ती पंजीकरण को प्रभावित नहीं करेगा । मामला एसीटमिप्रिड तकनीकी (प्राइड) उत्पादों के पंजीकरण के लिए नवीन समीक्षा की अंतिम रिपोर्ट पर पंजीकरण समिति की संस्तुतियों पर और स्पष्टीकरण के लिए 27.4.2011 को आयोजित आरसी की 318वीं बैठक में विचारार्थ एकबार फिर उठाया गया । आरसी ने डीएएस द्वारा अनैतिक आचार को अपनाने तथा इन उत्पादों के किसी भी प्रतिकूल पहलू न होने के कारण एसीटमिप्रिड तकनीकी तथा इसके सूत्रीकरण के पंजीकरण के निरस्त करने पर 315वीं बैठक में लिए गए निर्णय पर रोक लगाई । चूंकि सीआईबी की पंजीकरण समिति एसीटमिप्रिड तकनीकी तथा इसके सूत्रीकरण के मानव तथा पशुओं पर सुरक्षा के साथ साथ लक्षित कीटों पर प्रभाव कारिता से संतुष्ट है, देश से इन उत्पादों को पूरी तरह समाप्त करना न्यायसंगत नहीं है । यह नोट किया जाता है कि इसका देश में कपास फसल के लिए विस्तृत उपयोग किया जाता है । यह भी उद्धृत किया जाना समीचीन है कि किसी भी देश से, जहां ये पंजीकृत हैं, इसके इन उत्पादों के प्रतिकूल प्रभाव की सूचना नहीं है । तदनुसार इन उत्पादों के धारा 9, उपधारा 4 के तहत रजिस्ट्रार प्रमाणपत्र यदि कोई है, जारी रहेंगे । इसके आगे, क्लोरपिरिफोस 10% जी के संदर्भ में पंजीकरण प्रमाणपत्र की भी 9(4) रजिस्ट्रार को जारी रखने की स्वीकृति थी क्योंकि कीटों को लक्ष्य करने में इनके जैव-प्रभाव तथा इन सूत्रों के कृषि में विपरीत प्रभाव न होने से आरसी संतुष्ट थी । क्लोरपिरिफोस 50%+ साइपमथरिन 5% ईसी (नुरल्ले) सूत्रीकरण के संदर्भ में, इस मिश्रित सूत्रीकरण की उच्च विषाक्त स्थिति में धारा 9, उपधारा 3 तथा धारा 9 उपधारा 9 के तहत उत्पाद के प्रमाणपत्रों को वापस लेने पर सीआईबी की पंजीकरण समिति ने निर्णय लिया ।

यदि ऐसी स्थिति हो तो चार कृषि रसायनों में से केवल एक यथा क्लोरपिरिफोस 50%+ साइपमथरिन 5% ईसी तथा शेष बचे 3 रजिस्ट्रारों 9(4) का नहीं, के जन्मजात दोष उजागर होने पर ही इस निर्णय पर पहुंचा जाए । शर्तों में यह विरोधाभासी है जब यह तर्क दिया जाता है कि आरसी ने अकेले एसीटमिप्रिड तकनीकों के लिए 9(3) रजिस्ट्रार का पंजीकरण निरस्त करने की संस्तुति की तथा डीएएस रजिस्ट्रार 9(3) द्वारा अनैतिक आचार के कारण इन उत्पादों के लिए 9(4) रजिस्ट्रार के निरस्तीकरण आदेश का नहीं बढ़ाया तथा इन उत्पादों के असुरक्षित पाए जाने के कारण नहीं तथा तब तक कारण बताओं नोटिस पर विचार कि इन उत्पादों के लिए पंजीकरण के प्रमाणपत्रों का निरस्तीकरण रजिस्ट्रार द्वारा अपनाई गई अनैतिक आचार पर आधारित है जो उत्पादों की सुरक्षा के मूल्यांकन के साथ समझौता करता है तथा जिससे मानव तथा पशुओं के लिए खतरा उत्पन्न होता है जिसे अनदेखा नहीं किया जा सकता । यदि भ्रष्टाचार के सबूत आरसी के दिमाग में सुरक्षा के मुद्दों पर शंका पैदा करते हैं तब शंका केवल एक उत्पाद अकेले क्लोरपिरिफोस 50%+ साइपरमेथरिन 5% ईसी के लिए नहीं बल्कि शेष सभी तीनों उत्पादों के लिए थी ।

(ख) क्लोरिपिरिहोस 50%+ साईपेरमेर्थिन 5% ईसी के जीसीएल के 9(4) पंजीकरण के निरस्तीकरण के लिए दिया गया विशेष कारण यह है कि यह इसके अवयवों क्लोरपिरिहोस तथा साईपेर्मेथ्रिन की अपेक्षा अधिक विषाक्त है जो पंजीकरण के दिशा-निर्देशों के अनुरुप नहीं था । वर्ष 2010 में आयोजित की गई कीटनाशक की समीक्षा में यह प्रदर्शित हुआ कि संयोजन उत्पाद के मामले में चुहिया व चूहा दोनों के लिए मुखवर्ती विषाक्तता हेतु एलडी 50 वैल्यू व्यष्टि अवयवों की अपेक्षा कम है । यह बताया गया कि संयोजन उत्पाद एकल अवयवों की तुलना में अधिक विषाक्त था और इस तरह से इस उत्पाद को वर्तमान दिशा-निर्देश के तहत पंजीकृत नहीं कराया जा सका । यह कि इस महत्वपूर्ण तथ्य जिसे स्पष्ट रुप से आरसी बैठक के एजेंडे में लाया गया था, को अनदेखा किया गया, जिसे मात्रा के साक्ष्य के रुप में उदधृत किया गया जिसके लिए आरसी में निर्णय लिए जाते समय समझौता हो गया । तथापि, जीसीएल ने दिशा-निर्देशों को उद्धृत करते हुए निरस्तीकरण के इस आधार का जोरदार तरीके से विरोध किया जिनमें विषाक्तता को संदर्भित नहीं किया, बल्कि इसके एकल अवयवों की तुलना में संयोजन के खतरे के आकलन को संदर्भित किया । यह तर्क प्रस्तुत किया गया कि विषाक्तता खतरे के अवयवों में से एक है, खतरा स्वभावत: नहीं है । कई दूसरे घटक हैं जो कि कीटनाशक द्वारा प्रस्तुत किए गए खतरे की मात्रा का निर्धारण करते हैं अर्थात विगोपन, रखरखाव का तरीका, भण्डारण, परिवहन आदि । अत: यह निष्कर्ष निकालना आसान होगा कि एक उत्पाद केवल पैरामीटर अर्थात विषाक्तता के आधार पर अधिक खतरनाक है, और ऐसे अन्यों की अनदेखी करके जिनमें खतरे की सम्भावना समान रुप से है । तथापि सीआईबी एवं आरसी ने निश्चयपूर्वक कहा है कि अधिक विषाक्तता से अधिक खतरा है और इसलिए विषाक्तता का खतरे के साथ सीधा परस्पर संबंध है ।

संयोजन उत्पादों के लिए डाटा आवश्यकताओं से संबंधित दिशा-निर्देशों में विशेष रुप से उल्लेख किया गया है कि विषवैज्ञानिक डाटा 'समर्थन में साक्ष्य कि संयोजन एकल कृमिशकों की तुलना में अधिक खतरनाक नहीं है को प्रस्तुत किया जाना चाहिए । इसके लिए, संयोजन उत्पादों के एकल घटकों तथा अंतिम संयोजन दोनों पर डाटा की आवश्यकता है । डाटा तैयार किए जाने के लिए तकनीकी अथवा संबंधित प्रतिपादनों के लिए यथा आवश्यक गायतोन्डे समिति रिपोर्ट में विहित अनुबंधों को बाद में भेजा जाएगा ।' इससे यह अनुमान लगाया जा सकता है कि दिशा-निर्देश निर्मित करने वाले मनुष्यों और पर्यावरण के संबंध में किसी उत्पाद की जोखिम संभावना की समग्रता और खतरे से जुड़े विषविज्ञानी पहलुओं पर विचार कर रहे थे। गायतोन्डे समिति रिपोर्ट द्वारा निर्धारित जांचों के प्रोटोकाल का पालन

4158 GI/13-2

किया जाएगा । यद्यपि किसी उत्पाद की विषाक्तता निश्चित रुप से इसकी जोखिम स्थिति का एक महत्वपूर्ण निर्धारक है लेकिन यह अकेला निर्धारक नहीं है । क्या ऐसा नहीं हुआ, आरसी दिशा-निर्देशों को तैयार करते समय निश्चित रुप से 'खतरा' शब्द को 'विषाक्तता' से प्रतिस्थापित करेगी । इस पर तर्क प्रस्तुत नहीं किया जाता है कि कई और ऐसे विषाक्त रसायन हैं जिन्हें उनके उपयोग, पैकेजिंग, भण्डारण, पूर्वोपायों और रक्षोपायों आदि के लिए शर्तें तैयार किए जाने के पश्चात् आरसी द्वारा पंजीकृत किया गया है । वर्तमान मामले में, यह स्थापित नहीं किया गया है कि संयोजन कीटनाशक अधिक खतरनाक है, बल्कि केवल यह स्थापित किया गया है कि इसके अवयव कीटनाशकों की अपेक्षा अधिक विषाक्त हैं । जीसीएल ने तीक्ष्ण मुखवर्ती विषाक्तता चूहे एलडी50 वैल्यू के आधार पर अधिक विषाक्त रसायनों की एक सूची मुहैया कराई है जिसे आरसी द्वारा पंजीकृत किया गया है । इस दावे का सीआईबी एवं आरसी द्वारा खण्डन नहीं किया गया है ।

'मैसर्स डाव कैमीकल्स कं., यू.एस.ए. की सहायक मैसर्स डी-नोसिक क्रॉप प्रोटेक्सन लि0, वर्तमान में डाव एग्रो साईसेंज इंडिया प्रा.लि. मुम्बई के नाम से जानी जाने वाली कम्पनी द्वारा चार उत्पादों के संबंध में पंजीकरण प्रक्रिया के तथ्यों की पुन: समीक्षा' के लिए आरसी द्वारा गठित डॉ. टी.पी. राजेन्द्रन की अध्यक्षता वाली समिति की रपोर्ट 20-12-2010 को आरसी के समक्ष प्रस्तुत की गई थी । रिपोर्ट का निष्कर्ष था कि 'विभिन्न फाइलों की अपूर्ण और अपर्याप्त उपलब्धता के बावजूद, कि मैसर्स डी नोसिल..... द्वारा भारत में इन चार उत्पादों का पंजीकरण में अपूर्णता हो सकती है; असेटैमिप्रिड टैक्नीकल एण्ड फार्मूलेशन की प्रक्रिया में, विषाक्तता के संबंध में वांछित डाटा आवश्यकताओं को पूर्ण रुप से पूरा नहीं किया जाता है। रिपोर्ट मे आगे उल्लेख किया गया है कि 'नुरेल्ले डी प्रतिपादन के संबंध में मिश्रित क्लोरपिरिफास की विषाक्तता के बारे में गंभीर आंशका है और साईपरमेथ्रिन एकल अवयवों की अपेक्षा अधिक हैं । तथापि, जिसका समिति ने मूल्यांकन नहीं किया वह है कीटनाशक के संभावित खतरे पर इस अधिक विषक्तता की उपस्थिति है न हीं इसका कोई साक्ष्य है कि समिति ने उत्पाद के समग्र मूल्यांकन और आकलन करने के लिस डाटा पर पुनर्विचार किया। इसके बजाय यह दिखाई पड़ता है कि पुन:समीक्षा समिति ने केवल मुखवर्ती विषाक्ता वाले चूहों और चुहियां हेतु एकल डी50 वैल्यू से संबंधित एक सेट पर ही विचार किया । समिति अन्य विष विज्ञान संबंधी डाटा के समग्र आकलन करने में भी असफल रही जिसे कीटनाशी विषाक्तता पर गायतोन्डे समिति की सिफारिशों के अनुसार पंजीकरण के समय आरसी को मुहैया कराया गया था । यह नोट किए जाने योग्य है कि इस समिति ने इसका कोई मूल्यांकन नहीं किया कि कैसे उत्पाद की सुरक्षा पर कीटनाशी प्रतिपादन की अधिक विषाक्तता का प्रभाव पड़ेगा । यह इस तथ्य के आलोक में महत्वपूर्ण है कि ऐसे रसायन है जिन्हें विचाराधीन उत्पाद की तुलना में अधिक विषाक्तता के साथ पंजीकृत किया गया है । यह सुस्पष्ट है कि अधिक विषाक्तता वाले रसायनों के पंजीकरण पर सहमत होने से पहले आरसी द्वारा विषाक्तता के अलावा घटकों जैसे कि विगोपन, भण्डारण, रख-रखाव, पूर्वोपायों, रक्षापायों आदि पर भी विचार किया गया । इस तरह से विषाक्तता के अलावा ऐसे घटक हैं जो खतरे की संभावना को बढ़ाते हैं या समाप्त करते हैं और ऐसा होने से रसायनों की सुरक्षा होती है । यह सुरक्षा है जिसे इसमें उल्लेख किया गया है न कि विषाक्तता ।

यह उल्लेख किया जाना बेजा नहीं होगा कि आरसी की 169वीं बैठक के एजेण्डा दिनांक 17.07.1997 में मद 6.1 पर क्लोरपिरिफोस 50%+ साईपरमेथ्रिन 5% ईसी से संबंधित कीटनाशी दस्तावेज के मूल्यांकन का सार रखा गया । रसायन की विषाक्तता पर एक तकनीकी सारांश मुहैया कराए जाने के पश्चात् यह निष्कर्ष निकाला गया कि 'पंजीकरण समिति के दिशा-निर्देशों के अनुसार विभिन्न विषाक्तता पैरामीटरों पर डाटा प्रस्तुतिकरण के दृष्टिगत यह सुस्पष्ट है कि मुखवर्ती विषाक्तता रैट और तीक्ष्ण मुखवर्ती विषाक्तता माइस के मामले में संयोजन उत्पाद एकल घटकों अर्थात् क्लोरपिरोफोस 500 और साईपरमेथ्रिन 50 ईसी की तुलना में अधिक विषाक्त है । संयोजन उत्पाद के पंजीकरण के लिए यंत्रीकरण समिति के दिशा-निर्देशों के अनुसार, ऐसे समर्थन में साक्ष्य अपेक्षित है कि एकल कृमिनाशकों की तुलना में संयोजन अधिक खतरनाक नहीं है ।' आरसी की 169वीं बैठक के कार्यवृत्त दिनांक 17.07.1997 में यह दर्ज किया गया और उसका समिति ने अनुमोदन किया ।' इस तरह से ऐजेण्डा नोट्स में जब यह उल्लेख किया जा रहा था कि यह उत्पाद इसके एकल अवयवों से अधिक विषाक्त है तभी समिति ने प्रासंगिक दिशा निर्देशों के बारे में भी सूचित किया जिनमें पंजीकरण हेतु विचार किए जा रहे किसी कीटनाशक के साथ जुड़े खतरे का उल्लेख है ।

यह नोट किया जाना भी प्रासंगिक है कि 27.06.2007 को हुई आरसी 277वीं बैठक में एसेटैमिप्रिड टैक्नीकल, एसेटैमिप्रिड 20%, एसपी प्रतिपादन, क्लोरिपिरिफोस 50%+साईपेरमेथ्रिन 5% ईसी तथा क्लोरापिरिफोस 10% कणिका प्रतिपादन के पंजीकरण पर आरसी की 'प्रासंगिक बैठकों के एजेण्डा में महत्वपूर्ण रुप से मूल्यांकित सूचना/डाटा' में यह निष्कर्ष निकाला गया कि 'पंजीकरण को मंजूर किए जाते समय इस उत्पाद की सुरक्षा और प्रभावोत्पादकता के संदर्भ में किसी सूचना को अनदेखा नहीं किया गया और आवेदन पत्र प्रचलित आरसी के दिशा-निर्देशों के अनुसार पूर्ण थे । सीआईबी एवं आरसी ने स्वंय निश्चयपूर्वक कहा कि खतरा सुरक्षा व विगोपन दोनों का एक कार्य है (खतरा = विषाक्तता x विगोपन) । यह स्वीकार किया गया कि खतरा विषाक्तता से सीधे संबंधित है किन्तु तब उसी तर्क द्वारा, खतरा विगोपन के सीधे अनुपातिक भी है । इस तरह से औचित्य के लिए तर्काधार कि खतरा केवल विषाक्तता पर ही निर्भर है, गलत, अशुद्ध और कपटपूर्ण है ।

(ग) जीसीएल ने उल्लेख किया है कि उसे क्लोरफिरिफोस 50%+साईपरमेथ्रिन 5% ईसी के लिए मंजूर किए गए पंजीकरण के प्रमाण पत्र को रद्द करने के निर्णय के संबंध में उसे सक्षम प्राधिकारी के समक्ष अपना अभिवेदन प्रस्तुत करने का अवसर नहीं दिया गया । प्राकृतिक न्याय के सु-स्थापित सिद्धांत के रुप में इस पर आपत्ति की गई है । सीआईबी और आरसी ने कहा है कि सक्षम प्राधिकारी ने डाव को कारण बताओ नोटिस जारी किया है और कारण बताओ नोटिस में लगाए गए आरोपों का उत्तर देने का अवसर दिया है ।

यह तर्क दिया गया है कि डीएएस ने सक्षम प्राधिकारी के समक्ष अपना पक्ष रखने के अवसर का लाभ उठाया है और पक्षकारों की सुनवाई के बाद और तथ्यों के देय परीक्षण के बाद एक आदेश जारी किया जिसे दिनांक 12.10.2011 की डीएसी की अधिसूचना एस.ओ.2353 (ई) के माध्यम से संचारित किया गया । सीआईबी एवं आरसी

ने भी माना कि सक्षम प्राधिकारी ने ठीक ही कारण बताने के लिए डीएएस को बुलाया है और अधिनियम की धारा 9(3) के अंतर्गत डीएएस एक मूल पंजीकृत व्यक्ति होने के कारण किसी अन्य पंजीकृत व्यक्ति को नहीं । जीसीएल धारा 9(4) के अंतर्गत "मेरे लिए भी" एक पंजीकृत व्यक्ति होना लागू होती है और मूल पंजीकृत व्यक्ति, डीएएस द्वारा तैयार किए गए डाटा पर ऐसा विश्वास बनता है ।

धारा 9(4) में व्यवस्था दी गई है कि किसी व्यक्ति के आवेदन पर जहां एक क्रमिनाशी पंजीकृत किया गया है, तो कोई अन्य व्यक्ति जो क्रमिनाशी को आयात या निर्माण करने के लिए इच्छुक है..... आवेदन करेगा और विहित शुल्क के भुगतान पर एक पंजीकरण नंबर आवंटित किया जाए और उसी शर्तों पर जिन पर क्रमिनाशी मूल रूप से पंजीकृत किया गया था उसके संबंध में एक पंजीकृत प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाएगा । सीआईबी एवं आरसी ने तर्क दिया है कि यह डीएएस डाटा था जिसने सदृश आधार पर जीसीएल के लिए पंजीकरण प्रदान करने हेतु आधार तैयार किया /सक्षम प्राधिकारी ने मूल पंजीकृत व्यक्ति डीएएस की सुनवाई के बाद और आरसी तथा अन्य संबंधित घटकों की सिफारिशों को ध्यान में रखते हुए, कलोफिरिफॉस 50 प्रतिशत + सीप्रमेथ्रिन 5 प्रतिशत इसी का पंजीकरण रद्द करने का निर्णय लिया क्योंकि पंजीकरण की प्रक्रिया आरसी द्वारा निर्धारित प्रतिमानकों के अपालन में होनी दर्शाई गई है इसलिए जीसीएल को सुने जाने हेतु एक अवसर प्रदान करने के लिए कोई समझने योग्य आधार नहीं था क्योंकि जीसीएल ने कोई अन्य डाटा नहीं भेजा है सिवाय उसके जो पंजीकरण के समय पर डीएएस द्वारा प्रस्तुत किया गया था ।

सीआईबी एवं आरसी द्वारा यह तर्क दिया गया है कि अधिनियम की धारा 9(4) के अंतर्गत "मेरे लिए भी" पंजीकृत व्यक्ति होने के कारण, जीसीएल को कलोफिरिफॉस 50 प्रतिशत + सीप्रमेथ्रिन 50 प्रतिशत इसी के पंजीकरण हेतु आरसी को मूल डाटा तैयार एवं प्रस्तुत करने की जीसीएल को कोई आवश्यकता नहीं थी । तथापि जीसीएल ने इस दावे को विवादित बनाया और यह व्यक्त किया कि आरसी के उस समय के दिशा-निर्देशों में अधिनियम की धारा 9(4) के अंतर्गत पंजीकरण हेतु आवेदकों को आदेश दिया कि विषाक्तता से संबंधित कुछ डाटा उपलब्ध कराए और यह कि जीसीएल अपेक्षित डाटा प्रस्तुत करके अनुपालन सुनिश्चित करे । सचिव, आर सी द्वारा दिनांक 19.10.1993 की एफ. सं. 8088-एफ द्वारा जारी किए गए दिशा-निर्देश व्यक्त करते हैं कि 23.09.1993 को आयोजित आरसी की 140वीं बैठक में धारा 9(4) के अंतर्गत एक आवेदक से अपेक्षा की गई कि आवेदन के प्रपत्र 0-1 में चुहा या खरगोश के लिए गंभीर त्वचा संबंधी सूचना उपलब्ध कराए । इसे आगे दिनांक 3.11.1993 के सीआईबी एवं आरसी के पत्र फा.सं. 8088-एफ द्वारा स्पष्ट किया गया जिससें यह उल्लेखित किया गया कि प्रखर मौखिक विषाक्तता चुहा (एलडी 50) और गंभीर त्वचा विषाक्तता चुहा या खरगोश (एलडी 50) यह सूचना मानव जाति, वन्य प्राणियों, जलीय प्राणियों के लिए उत्पाद की विषाक्तता" (सक्रिय सम्मिश्रणों से संबंधित पर्याप्त विषाक्त विज्ञान डाटा संलग्न किया जाए) प्रपत्र -1 के कालम में उपलब्ध कराए जाने की आवश्यकता है । जीसीएल ने दावा किया है कि उनके द्वारा तैयार डाटा दिशानिर्देशों के अनुपालन में था और आरसी को प्रस्तुत किया गया था इसलिए फर्म मूल पंजीकृत व्यक्ति द्वारा प्रस्तुत किए गए डाटा पर पूर्ण रूप से निर्भर नहीं थी । तथापि सीआईबी एवं आरसी द्वारा इस आधार पर इसका खंडन किया गया है कि दिशा-निर्देश सूचना और मूल डाटा के तैयार नहीं करने से संबंधित है । किसी मामले में कानून केवल धारा 9(3) के अंतर्गत मूल पंजीकृत व्यक्ति के रूप में धारा 9(4) पंजीकृत व्यक्तियों के लिए "उसी अवस्थाओं" के अंतर्गत पंजीकरण हेतु अनुमत करता है । इसलिए, इसमें धारा 9(4) के अंतर्गत मूल डाटा तैयार करने का एक आवेदक का कोई सत्याभाषी आधार नहीं है । इस बारे में जीसीएल का विवाद फाइल पर रखे गए रिकार्ड के आधार पर पूर्ण रूप से प्रमाणित नहीं होता है कि विषाक्तता पर मूल डाटा विचार करने हेतु तैयार किया गया और आरसी को प्रस्तुत किया गया था तथा इसके गुण अलग विचार करने का मामला है ।

(घ) कारण बताओ नोटिस का कानून की दृष्टि से भी सामना किया गया है । जीसीएल ने निश्चयपूर्वक कहा है कि अधिनियम की धारा 27(2) की याचना करके पंजीकरण का रद्दीकरण उचित रीति नहीं है । यह इंगित किया गया है कि धारा 27(2) जो एक कृमिनाशी का पंजीकरण रद्द करने के लिए केन्द्र सरकार को कानूनी आधार उपलब्ध कराती है यदि यह इसमें मानव जाति या पशुओं के लिए ऐसे जोखिम सम्मिलित होने की संभावना हैं जैसा कि यह तत्काल कार्रवाई करने के लिए समयोचित या आवश्यक समझा जाता है । अधिनियम की धारा 27(1) का परिणाम है । धारा 27(1) प्रारंभ में 60 दिनों की अवधि के लिए और आगे 30 दिनों की और अवधि तक आगे बढ़ाए जाने योग्य है, मानव जाति या पशुओं के लिए किसी जोखिम के निराकरण हेतु तत्काल प्रभाव से विक्रय वितरण या प्रयोग रोकने हेतु आपात प्रावधान के रूप में दर्शाया गया है । जबकि धारा 27(1) में तत्काल रोकथाम की व्यवस्था है यदि स्थिति इतनी खराब है, अधिनियम की धारा 27(2) पंजीकरण को इनकार करने या रद्द करने के लिए कानूनी प्राधिकरण से केन्द्र सरकार को कवच प्रदान करती है ।

जीसीएल ने तर्क दिया है कि चूंकि यह स्थापित करने के लिए कोई लक्ष्य उपलब्ध नहीं कराया गया है कि इसमें एक स्थिति थी कि जिसके लिए तत्काल कार्रवाई आवश्यक थी, इसलिए अधिनियम की धारा 27(2) के अंतर्गत दंडात्मक कार्रवाई इसके लिए कानूनी आधार की कमी छोड़ती है । यहां तक कि यदि यह मान लिया जाता है कि पंजीकरण की प्रक्रिया की सत्यनिष्ठा से घूसखोरी के आरोपों के कारण समझौता किया गया । इसमें न ही तो आरसी द्वारा सिफारिश की गई और न ही सक्षम प्राधिकारी किसी निष्कर्ष पर पहुंचे कि कीटनाशी इतने असुरक्षित थे जिसे तत्काल प्रभाव से विक्रय, वितरण और प्रयोग पर रोक लगाने की चेतावनी दी जाए । कंपनियों को दो वर्ष की अवधि प्रदान की गई कि उनके पास रखे स्टाकों का निपटान करे इसके पर्याप्त प्रमाण है कि उत्पाद पर्याप्त खतरनारक नहीं है जिससे मानव जाति या पशुओं के लिए तत्काल चेताया जाए । तथापि, सीआईबी एवं आरसी द्वारा इस तर्क को विवादित बनाया गया जिसने तर्क दिया कि इसमें अधिनियम की धारा 27(1) और (2) के बीच को आवश्यक जुड़ाव का संबंध नहीं है। वस्तुत: धारा 27(2) सन्निकट खतरों के जोखिम द्वारा पैदा हुई या स्वार्थ पराक्रम है, या निषेधता की वैधता पर एक कानूनी निर्धारित समय सीमा द्वारा सीमित किया गया है, या गतिविधियों का क्षेत्र जो धारा 27(1) के अंतर्गत एक आदेश इसे प्रभावित कर सकता है अर्थात विक्रय, वितरण और प्रयोग द्वारा सीमित नहीं है। दूसरी तरफ धारा 27(2) में दूसरी कृमिनाशी का पंजीकरण इनकार या रद्द करने का कानूनी प्राधिकार उपलब्ध कराती है और किसी

भी प्रकार से धारा 27(1) के आदेश के साथ बाध्य नहीं करती है । इसलिए सीआईबी एवं आरसी द्वारा किया गया विवाद यह है कि सुरक्षा प्रतिमानकों के अपालन में उत्पाद के अनियमित पंजीकरण की सच्चाई शीघ्र ही ध्यान में आ गई कि अधिनियम की धारा 27(2) के अंतर्गत जो कार्रवाई की गई वह सही है, और धारा 27(2) आदेश में जैसा आह्वान किया गया वह कानूनी एवं समुचित था ।

9. कारण बताओ नोटिस के प्रति दोनों प्रतिवादियों द्वारा दिए गए साक्ष्य एवं तथ्यों का सावधानीपूर्वक और गहन मूल्यांकन करने के पश्चात् सक्षम प्राधिकारी का विचार है कि अधिनियम की धारा 9 (4) के अंतर्गत दिए गए पंजीकरण प्रमाण पत्र ही रद्द करने का निर्णय ले सकते हैं कि कीटनाशक क्लोरपाइरीफॉस 50%+साइपरमेथरीन 5% ईसी फार्मूलेशन सतत नहीं है। विशेषकर जब डीएएस को दिए गए चार कीटनाशकों के पंजीकरण को रद्द करने के पीछे के प्रमुख उद्देश्य यह है कि पंजीकरण नैतिक अपराध समझौतावादी सत्य-निष्ठा इस हद तक हो, जहां उत्पादों की सुरक्षा बहुत अधिक समय तक स्थापित न किया जा सके । क्लोरपाइरीफॉस 50%+साइपरमेथरीन 5% ईसी को चयनात्मक रूप से रद्द करने को तर्कसंगत करने का निर्धारित आधार वह आंकड़ा है, जिसमें इसके एकमात्र अवयव की तुलना में संयुक्त उत्पाद की अत्यधिक विषाक्ता को प्रकट किया जाता है । तथापि, यह स्पष्ट रूप से दिखाई देता है कि दिशा-निर्देशों में पंजीकरण के समय खतरनाक और न के बराबर विषाक्तता का आकलन करने की आवश्यकता प्रचलित है । अत: सभी उपयुक्त संदेहो से परे यह साबित नहीं हुआ है कि धारा 9(4) के अंतर्गत जीसीएल को पंजीकरण प्रदान करने में आरसी द्वारा निर्देशों का उल्लंघन नहीं हुआ है और ऐसे उत्पाद मानव जाति और पशुओं के लिए सुरक्षित नहीं है कि धारा9(4) पंजीयकों हेतु आवदकों से भी विषाक्तता के कुछ पहलूओं पर आरसी ने आंकड़ा मांगा है । वर्तमान दिशा-निर्देशों में केवल विषाक्तता हेतु सूचना के लिए कहा है और धारा 9(4) के अंतर्गत कानून के प्रावधानों के अनुरूप पंजीकरण के लिए आवेदकों से डाटा तैयार करने की उम्मीद नहीं करता है । इस प्रकार विषाक्तता संबंधी आंकड़े इस पंजीकरण के आधार पर थे, जहां पंजीकरण के लिए जीसीएल की अनुमति दी गई थी और कि डीएएस ने पंजीकरण के लिए इसे प्रस्तुत किया था । चूंकि यह डाटा दिशा-निर्देशों के अनुसार नहीं पाया गया था तथा धारा 9(3) के अंतर्गत डीएएस को यह प्रदान किए गए पंजीकरण को रद्द करने के उप-सिद्धांत के रूप में था कि जीसीएल को दिया गया पंजीकरण रद्द भी किया जाता है । सक्षम प्राधिकारी ने डीएएस को अवसर प्रदान किया था और पंजीकरण रद्द करने का निर्णय पक्ष की सुनवाई के पश्चात् लिया गया था अत: जीसीएल की सुनवाई के लिए अलग से अवसर देने की और आवश्यकता नहीं पाई गई और अंतत: जीसीएल द्वारा रखे दावे की अधिनियम की धारा 27(2) के अंतर्गत पंजीकरण को रद्द करना भ्रांत धारणा है, सतत नहीं है । ऊपर दिखाए गए अनुसार कि इस धारा के अंतर्गत क्षेत्राधिकार का प्रयोग करने का अधिकार अनियमित नहीं है अथवा भ्रांति के रूप में धारा 27(1) के अनुसार है । जबकि ऐसे मामले में जहां धारा 27(1) के अंतर्गत पहले से निषेध लगाए गए है, यदि तथ्य अत्यधिक आवश्यक होंगे तो आगे की कार्रवाई धारा 27(2) के अंतर्गत आमंत्रित होगी, परंतु यह अन्य मामलों जहां धारा 27(1) के अंतर्गत कार्रवाई सभी मामलों में शुरू नहीं की गई है, को किसी भी तरह से प्रतिबंधित नहीं करता है ।

अत: अंतिम विश्लेषण में जहां सक्षम प्राधिकारी की धारा 27(2) को आगे बढ़ाने में सुरक्षित तरीके से संवैधानिक था तथा यह एक अवसर था जो जीसीएल के अनुसरण में डीएएस को वहन किया गया था क्योंकि यह डीएएस डाटा था जो विरोधाभासी था अभी तक इसमें दिनांक 12.10.2011 के आदेश के निकट आधार पर गंभीर कमियां है । मामलों के तथ्य दर्शाते हैं कि क्लोरपाइरीफॉस 50%+साइपरमेथरीन 5% ईसी कीटनाशक का पंजीकरण संबंधित दिशा-निर्देशों और अपेक्षाओं से संबंधित विषाक्तता की पुष्टि नहीं है अथवा उल्लंघन में नहीं था । चूंकि विषाक्तता संबंधी दिशा-निर्देशों की गैर पुष्टि जीसीएल द्वारा किए गए पंजीकरण को रद्द करने का एकमात्र कारण था । इसलिए तथ्यों के आधार पर यह प्रमाणित है कि निर्णय हेतु यह तर्क भ्रांति पैदा करने वाला तथा आधारहीन है । इस प्रकार दिनांक 12.10.2011 के आदेश की एक महत्वपूर्ण तथ्यपरक कमी का सामना करता है, जिसको सुधारने की आवश्यकता होगी तथा इसमें दिनांक 12.10.2011 के आदेश सं0 2353/(ई) में आवश्यक संशोधन कर सुधार किया जा सकता है ।

10. तथा अब, इसलिए धारड़ा केमिकल लि0 तथा अन्य बनाम यूनियन ऑफ इंडिया तथा अन्य 2012 के दायर रिट याचिका 450 में दिनांक 11.7.2012 को बांबे उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में तथा दिनाक 24.8.2012, 7.9.2012, 12.10.2012 और 18.10.2012 को प्रतिवादियों, जीसीएल तथा सीआईबी एवं आरसी की तरफ से प्रस्तुत किए गए लिखित तथा मौखिक प्रत्यावेदनों तथा कागजातों के सावधानीपूर्वक परीक्षण के बाद, यह आदेश दिया गया है कि भारत के राजपत्र में प्रकाशित, कृषि मंत्रालय, कृषि एवं सहकारिता विभाग के दिनांक 12.10.2011 के अधिसूचना क्र0सं0 2353 को केवल इस सीमा तक संशोधित किया गया है कि क्लोरपाइरीफॉस 50%+साइपरमेथरीन 5% ईसी के अंतर्गत मेसर्स धारड़ा केमिकल लि0 के पक्ष में जारी पंजीकरण ईसं0 1374-एफ/99 के प्रमाणन रद्द नहीं किया जाएगा तथा इसे भारत के राजपत्र के अधिसूचना की तिथि से पुन: एकत्र किया है । मेसर्स धारड़ा केमिकल लि0, पंजीकरण समिति तथा राज्य सरकारें क्लोरपाइरीफॉस 50%+साइपरमेथरीन 5% हेतु पंजीकरण ई0सं0 1374-एफ/99 के प्रमाणन को मानक शर्तों के अनुसार पूर्णरूप में स्वीकार किया जाएगा ।

पंजीकरण समिति को निर्देशित किया जाता है कि कलोरपायरीफॉस 50 % + साइपरमेथ्रिन 5% ईसी के पंजीकरण की मूल प्रति मेसर्स धारड़ा केमिकल्स को प्रत्यावर्तित कर दें। इस संशोधन के अतिरिक्त, कृषि मंत्रालय के कृषि एवं सहकारिता विभाग की अधिसूचना संख्या 2353 को पंजीकरण समिति तथा राज्य सरकारों द्वारा कार्यान्वित किया जाएगा। पंजीकरण समिति, यदि उचित समझे तो कलोरपायरीफॉस 50 % + साइपरमेथ्रिन 5% ईसी उत्पाद की पुन: समीक्षा कीटनाशी अधिनियम,1968 की धारा-5 एवं नियम, 1971 के अंतर्गत करा सकती है।

[फा.सं.13033/01/2012-पीपी-1(भाग)]

उत्पल कुमार सिंह, संयुक्त सचिव

MINISTRY OF AGRICULTURE

(Department of Agriculture and Cooperation)

NOTIFICATION

New Delhi, the 20th September, 2013.

S.O. 2934(E).—Department of Agriculture & Cooperation in the Ministry of Agriculture by a Notification No.S.O. 2353(E) dated 12th October, 2011 published in the Gazette of India ordered cancellation of certificates of registration for Acetamiprid Technical, Acetamiprid 20% SP Formulation, Chlorpyriphos 10% Granules Formulation and Chlorpyriphos 50% + Cypermethrin 5% EC Formulation granted under Section 9(3) of the Insecticides Act, 1968 (the Act) to M/s De-Nocil Crop Protection Ltd. {now M/s Dow Agro Sciences (DAS)}. The Notification also ordered cancellation of all certificates of registration held under Section 9(4) for Chlorpyriphos 50% + Cypermethrin 5% EC Formulations. The Gazette Notification allowed for a period of 2 years towards disposal of existing stocks held by companies. It also ordered implementation of the Gazette Notification by the Registration Committee as well as State Governments.

2. Gazette Notification No.S.O. 2353(E) dated 12th October, 2011 was challenged in the High Court of Judicature at Bombay in a Writ Petition No.450 of 2012 by M/s Gharda Chemicals Limited(GCL) and another, to the extent that the notification sought to cancel certificate of Registration issued by Registration Committee (RC) under Section 9(4) of the Act to Petitioner, GCL for the combination pesticide formulation Chlorpyriphos 50% + Cypermethrin 5% EC. High Court of Judicature at Bombay after hearing petitioners GCL and respondents Union of India through Department of Agriculture and Cooperation, the Central Insecticides Board and Registration Committee, disposed off the Writ Petition by an Order dated 11th July, 2012. The operative part of the Order is as follows:

'Accordingly, we dispose of the Petition in the following agreed terms:

i) We record the statement made on behalf of the Respondents by learned senior counsel that the order revoking the registration of the Petitioners under Section 9(4) of the Insecticides Act, 1968 is withdrawn in terms of the statement of learned Senior Counsel recorded above;

ii) The Petitioners would be at liberty to file their replies within a period of two weeks from today, on the basis that the reasons which have been contained in the impugned order dated 12 October 2011 for the cancellation of the registration under Section 9(4) constitute a notice to show cause for the cancellation of the registration;

iii) The Union Government would be at liberty to pass a fresh order upon the notice issued in the aforesaid terms for the cancellation of the registration under Section 9(4) after furnishing to the Petitioners an opportunity of being heard. Fresh orders shall be passed within a period of eight weeks after the submission of the reply referred to in clause (ii) above;

iv) All the rights and contentions of the parties are kept open to be urged before and decided by the Union Government;

v) The Petitioners shall not, in terms of the statement made before the Court by learned senior counsel on instructions, manufacture the combination in question, until a final order is passed by the Union Government.

The Petition is accordingly disposed of, since no other point is pressed. There shall be no order as to costs'.

